भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 909
21 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

कोच्चि मेट्रो रेल का विस्तार

909. **श्री राजमोहन उन्नीथनः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की केरल राज्य में कोच्चि मेट्रो लाइन का विस्तार करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) मेट्रो से जोड़े गए अथवा जोड़े जाने वाले शहरों के नाम क्या हैं और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): शहरी परिवहन, जोकि शहरी विकास का अभिन्न अंग है, राज्य का विषय है। अत: संबंधित राज्य सरकारें मेट्रो रेल परियोजनाओं सहित शहरी परिवहन अवसंरचना को आरंभ करने और उसका विकास करने के लिए ज़िम्मेदार हैं । केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यथासमय सूचित किए जाने पर परियोजना की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरों या शहरी समूहों में मेट्रो रेल परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने पर विचार करता है ।

केरल सरकार ने काकानाड से होकर जेएलएन स्टेडियम से इन्फोपार्क तक 11.2 कि.मी. लंबी कोच्चि मेट्रो रेल के फेज़ II कॉरिडोर के विस्तार और 3 कि.मी. से अधिक की पेट्टा से त्रीपुनितुरा तक कोच्चि मेट्रो रेल के फेज़ I के विस्तार का प्रस्ताव दिया है । मेट्रो रेल परियोजनाएं अत्यधिक लागत वाली हैं, जिनमें सभी हितधारकों से व्यापक परामर्श आवश्यक होता है और इसका निर्णय परियोजनाओं की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर आधारित होता है ।

(ग): शहरों के नाम जहां मेट्रो प्रचालनरत या निर्माणाधीन हैं:

क्रम सं0	मेट्रो वाले शहर	क्रम सं0	मेट्रो वाले शहर	क्रम सं0	मेट्रो वाले शहर
1	दिल्ली*	10	हैदराबाद	19	गांधी नगर
2	नोएडा*	11	कोलकाता	20	पुणे

3	गाज़ियाबाद*	12	चेन्नई	21	कानपुर
4	फरीदाबाद*	13	जयपुर	22	आगरा
5	बल्लबगढ़*	14	कोच्चि	23	भोपाल
6	बहादुरगढ़*	15	लखनऊ	24	इंदौर
7	ग्रेटर नोएडा	16	मुंबई	25	पटना
8	गुरूग्राम	17	नागपुर	26	सूरत
9	बैंगलोर	18	अहमदाबाद	27	मेरठ #

* दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन नेटवर्क का भाग
\# क्षेत्रीय द्रुत परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) - दिल्ली से मेरठ कॉरिडोर का भाग

वर्ष 2019-20 हेतु मेट्रो रेल परियोजनाओं को आवंटित की गई धनराशि 19102.88 करोड़ रू. है।

*****